दिनांकः 01.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर—अजमेर

- अमरीका और इस्राएल के ईरान पर हमले से बढ़े तनाव के मद्देनज़र नागरिक विमानन मंत्रालय ने आज 400 से अधिक उड़ानें रद्द होने की आशंका जताई
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समाज के विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर ज़ोर दियां
- प्रदेश में होली पर्व के लिए व्यापक तैयारियां—पुलिस प्रशासन की शांति और सौहार्द्र के साथ त्यौहार मनाने की अपीलं
- प्रदेश से सर्दी की विदाई—मौसम विभाग ने इस बार तेज़ गर्मी पड़ने के आसार जतायें

....

नागर विमानन मंत्रालय ने घोषणा की है कि ईरान और इस्राएल के बीच बढ़ते तनाव के कारण आज 444 उड़ानें रद्द होने की आशंका हैं पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए, एयर इंडिया ने आज रात 11 बजकर 59 मिनट तक इस क्षेत्र के सभी गंतव्यों के लिए उड़ानें रद्द कर दी हैं एयर इंडिया ने कहा कि वह घटनाक्रम पर बारीकी से नज़र रख रही हैं यात्रियों, चालक दल और विमान की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं इसके लिए स्थिति का आकलन कर जरूरत के हिसाब से परिचालन संबंधी निर्णय लिये जाएंगें एक अन्य परामर्श में, एयर इंडिया ने कहा कि आज के लिए निर्धारित 28 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं प्रभावित उड़ानों में लंदन, न्यूयॉर्क, शिकागो और टोरंटो जाने वाली कई उड़ानें भी शामिल हैं यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे दोबारा बुकिंग और अधिक जानकारी के लिए एयरलाइन से संपर्क करें

इस बीच, अमरीका ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर जारी की हैं सोशल मीडिया पोस्ट में अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने और ईरानी सरकारी टेलीविजन ने खामेनेई की मौत की पुष्टि की हैं संयुक्त अमरीकी और इस्राइल हवाई हमलों में ईरान के करीब 200 लोगों की मौत हो गई है और 700 से अधिक लोग घायल हो गये हैं ईरान पर हुए हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव काफी बढ़ गया और पूरे क्षेत्र में व्यापक जवाबी कार्रवाई भी हुई हैं

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अजमेर दौरे में प्रदेश को 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं की सौगात देने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनका आभार जताया हैं सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शर्मा ने लिखा कि इन परियोजनाओं से राजस्थान के विकास को नई ऊंचाई मिलेगीं बांदीकुई—जयपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे और युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण तथा महिला स्वास्थ्य के लिए एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान से प्रदेश के विकास की राह मजबूत होगीं

प्रधानमंत्री ने कल अजमेर से एच.पी.वी. टीकाकरण राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ कियां इसके साथ ही प्रदेशभर में 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए टीके लगाये गयें अगले तीन महीने तक चलने वाले इस अभियान के तहत स्वास्थ्य केन्द्रों पर 14 वर्ष की किशोरियों को निःशुल्क और स्वैच्छिक टीके लगाये जाएंगें जयपुर से डॉ. सोनिका शर्मा ने इसे महिला स्वास्थ्य की दिशा में महत्वपूर्ण बताया हैं

....

वहीं रोजगार उत्सव के तहत सरकारी नौकरी पाने वाले युवाओं में खुशी का माहौल बना हआ हैं अजमेर की युवती ने कहा कि वे नियुक्ति पत्र पाकर और व्यवसायिक जीवन की शुरूआत से बेहद उत्साहित हैं

....

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समाज के विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर ज़ोर दिया हैं श्री बिरला कल कोटा में आयोजित अखिल भारतीय नवल धर्मसभा में बोल रहे थें इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज की तरक्की का रास्ता शिक्षण संस्थानों से होकर गुजरता हैं श्री बिरला ने वाल्मिकी समाज के उत्थान में महर्षि नवल स्वामी के योगदान को नमन कियां

....

प्रदेश में होली पर्व के लिए तैयारियां ज़ोरों पर हैं विभिन्न स्थानों पर फागोत्सव के आयोजन भी परवान पर हैं जयपुर में गोविंद देवजी मंदिर में भी फागोत्सव की धूम हैं

....

करौली जिला इन दिनों फागोत्सव के रंग में रंगा नज़र आ रहा हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि मंदिरों में ढोलक और मंजीरे की थाप पर फाग गीतों की गूंज सुनाई दे रही हैं

....

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं इस बीच, पुष्कर में कल होली उत्सव का आयोजन किया जाएगां वहीं राजधानी जयपुर में 3 मार्च को पर्यटन विभाग की ओर से देशी–विदेशी सैलानियों के लिए धुलंडी उत्सव रखा गया हैं होली के अवसर पर बढ़े हुए यात्रीभार को देखते हुए विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं उत्तर–पश्चिम रेलवे जोधपुर से मऊ के बीच आज से होली स्पेशल ट्रेन शुरू कर रहा हैं ये साप्ताहिक ट्रेन 31 मार्च तक चलेगीं पुलिस और प्रशासन की ओर से होली और आगामी त्यौहारों को देखते हुए शांति और सौहार्द्र बनाये रखने की अपील की गई हैं

....

होली पर्व पर खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी के खिलाफ सघन चैकिंग अभियान शुरू किया गया हैं शुद्ध आहार–मिलावट पर वार अभियान के तहत हनुमानगढ़ के नोहर में कल निरीक्षण के दौरान करीब 50 किलो दूषित मावा मौके पर ही नष्ट करवाया गयां सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि 3 मार्च तक चलने वाले इस अभियान के तहत खाने–पीने की दुकानों और डेयरियों से नमूने इकट्ठे कर जांच के लिए बीकानेर भेजे जा रहे हैं

....

प्रदेश में सर्दी की विदाई हो चुकी है और अधिकतर स्थानों पर गर्मी का अहसास शुरू हो गया हैं बीते कई दिनों से ज्यादातर स्थानों पर दिन का पारा 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा हैं कल बाड़मेर में पारा 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहां इसके अलावा राजधानी जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, पाली, जालौर, नागौर सहित कई स्थानों पर दिन का तापमान 32 डिग्री के पार दर्ज हुआं मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने और तापमान में बढ़ोतरी के आसार जताये हैं भारत मौसम विज्ञान विभाग–आईएमडी ने कल जारी पूर्वानुमान में बताया है कि इस बार राजस्थान में तेज गर्मी और लू के दिन बढ़ने की संभावना जताई हैं राज्य के पश्चिमी भागों पर इसका सबसे ज्यादा असर रहेगां

....